बिहार सरकार
स्वास्थ्य विभाग

प्रेस विज्ञप्ति

महत्त्वपूर्ण सूचना

विज्ञापन संख्या–93/98 के द्वारा राज्य स्वास्थ्य सेवा संवर्ग के अशैनिक सहायक चिकित्सक (मूल कोटि के पद पर) के नियमित नियुक्ति के संबंध में ।

राज्य स्वास्थ्य सेवा संवर्ग के अशैनिक सहायक चिकित्सक (मूल कोटि के पद पर) नियुक्ति के संबंध में तत्काल 424 अभ्यर्थियों को सरकार ने नियुक्त करने का निर्णय लिया है और अधिसूचना का प्रकाशन दैनिक समाचार पत्र, दैनिक जागरण में 29.09.2007 एवं टाईम्स ऑफ इंडिया में दिनांक 30.09.2007 को हुआ । जिसके द्वारा दिनांक 08.10.2007 से दिनांक 11.10.2007 तक निर्धारित तिथि को विभागीय कमिटी के समक्ष उपस्थित होने का निदेश दिया गया था ।

2– उक्त निर्धारित अवधि में अनुपस्थित कुल 216 (दो सौ सोलह) चिकित्सकों के लिए 6.11.2007 एवं 7.11.2007 को विभागीय कमिटी के समक्ष उपस्थित होने का अन्तिम मौका प्रदान किया जा रहा है ।

3– प्रमाण पत्र का सत्यापन शेखपुरा, पटना स्थित राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान के सभागार में दिनांक 6.11.2007 एवं 7.11.2007 को पूर्वाह्न 10:30 बजे से किया जाएगा । उपरोक्त निर्धारित तिथि को जो अभ्यर्थी उपस्थित नहीं होंगे तो उनके बारे में माना जायेगा कि वे नियुक्ति हेतु इच्छुक नहीं है ।

4– उपरोक्त कागजातों के जांचोपरान्त जिला में पदस्थापन की अधिसूचना जारी की जाएगी । आदेशित पदस्थापन के जिला में योगदान की तिथि से ही इनकी नियुक्ति मानी जाएगी ।

5– संबंधित प्रेस विज्ञप्ति, अधिसूचना, शपथ पत्र, सत्यापन प्रपत्र एवं सूची वेबसाईट www.shsbihar.org पर भी देखा जा सकता है, जिसे डाउन लोड (Down load) करके व्यवहार में लाया जा सकता है ।

24/10/07

(प्रमोद कुमार)
उप सचिव
स्वास्थ्य विभाग,बिहार,पटना

ज्ञापांक –2/एम.111/05– 1233 (2) पटना, दिनांक 24-10-2007

प्रतिलिपि – महानिदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार, पटना को (पाँच प्रतियों में) सी०डी० के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित ।

उनसे अनुरोध है कि उक्त सूचना का प्रकाशन राज्य के एक हिन्दी एवं एक अंग्रेजी लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्रों में एवं एक लोकप्रिय राष्ट्रीय समाचार पत्र में लगातार दो दिनों तक अविलम्ब प्रकाशित कराने की कृपा की जाय एवं प्रकाशित प्रेस कतरन/ इन्टिमेशन विभाग को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय ।

24/10/07

उप सचिव
स्वास्थ्य विभाग,बिहार,पटना